Tenders & registration of contractors

कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
सतपुडा भवन ,भोपाल

कं/रूपा/प्र.अ./लो.स्वा.यां./05/आठ/भोपाल(144)/भोपाल ,दिनांक 2005

प्रति ,

मुख्य अभियंता ,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ,
परिक्षेत्र–भोपल /इंदौर/जबलपूर/ग्वालियर

विषयः– निविदा की स्वीकृति !

संदर्भः–1. इस कार्यालय व्दारा जारी तकनीकी प्रपत्र–पृ.कं.9748/अधिक्षण यंत्री (रूपांकन)/प्र.अ./लो.स्वा.यां/2003/भोपाल दि.26.12.2003.
वर्क्स डिपार्टमेंट मैन्यूल की कंडिका 2.006.

.————00————

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें ।निर्माण कार्य हेतु एक तकनीकी परिपत्र संदर्भितपत्र क. 1 के माध्यम से जारी किया गया था इसी आशय का एक सुझाव लोकायुक्त द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित हुआ है, जिसके तहत उन्होने भी वृहदद योजनाओं हेतु स्टेज–2 प्राक्कलन बनाया जाना अनिर्वाय करने का सुझाव दिया है तथा यही निर्देश वर्क्स डिपार्टमेन्ट मेन्युअल की कण्डिका 2.006 में भी निहित है । अतः उपरोक्त संदर्भो एंव परिपत्र के परिप्रेक्ष्य में पुनःनिम्नानुसार निर्देश दिये जाते हैंः–

वृहद योजनाओं के निर्माण कार्य प्रांरभ करनें के पूर्व प्रत्येक अव्यवों का विस्तृत सर्वेक्षण एंव परीक्षण कर स्टेज–2 प्राक्लन बनायाजाये तथा उसकी तकनीकी स्वीकृत उपरांत ही निविदा आमंत्रण एंव स्वीकृति की कार्यवाही की जाये! आपके एंव आपके अधीनस्थों व्दारा यदि इस प्रकिया का पालन नहीं किया जाता हैं तो उसके लिए कार्यवाही की जावेगी ! ऐसी निविदा जो प्रमुख अभियंता अथवा शासन स्तर पर स्वीकृत की जाना है वे प्रकरण भेजते समय उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए स्टेज–2 स्वीकृत प्राक्कलन की प्रति भी साथ भेजना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा निविदा प्रकरण अनिर्णित रूप से आपकी जिम्मेदारी पर वापिस प्रेषित कर दिये जायेंगे !

इन निर्देशों का कढाई से पालन सुनिश्चित करते हुए समस्त मातहत कर्मचारी के लिये निर्देश भी जारी करें तथा इसका पालन न पाये पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी !

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्यप्रदेश भोपाल

पृ0कं0/3122/रूपां/प्र.अ/लोस्वायां/05/आठ/भोपाल(144)/भोपाल,दिनांक 23.4.05

प्रतिलिपि,

अधीक्षण यंत्री ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ...............मंडल.............................. म0प्र0 की ओर उपरोक्त वर्णित निर्देश कढाई से पालनार्थ हेतु प्रेषित !

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

मध्यप्रदेश भोपाल